दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 121 मुरादाबाद 27 August 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## कनेक्टिविटी का केंद्र है मेरठ, अब औद्योगिक माहौल बनाए अधिकारी : सीएम योगी आदित्यनाथ



मेरठ-विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की कमिश्नरी सभागार में समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को मेरठ मंडल के जिलों में बेहतर माहौल बनाकर औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखने और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के लिए भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए। आईटीएमएस चौराहों को सेफ सिटी से जोड़कर महिला सुरक्षा पर ध्यान देने, लंबी रोग से पशुओं को बचाने, विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के समय से निस्तारण और आमजन को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए भी मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से अधिकारियों को निर्देशित किया कमिश्नरी सभागार में चली मैराथन समीक्षा बैठक कमिश्नरी सभागार में चली मैराथन समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री का पूरा जोर आमजन के लिए चलाई जा रही सरकार की प्राथमिकता में शामिल योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर रहा। मुख्यमंत्री ने मुख्य रूप से अधिकारियों को सड़कों से अतिक्रमण हटाने और अवैध वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। अधिकारियों को अपने कार्यालय में बैठकर जन सुनवाई करने और समस्याओं के प्राथमिकता से निस्तारण करने के साथ जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया। समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों द्वारा रखी गई समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें और उन्हें समय से अवगत भी कराएं। मुख्यमंत्री ने बैठक में मौजूद हर जनप्रतिनिधि से अपने क्षेत्र को लेकर विकास कार्यों का प्रस्ताव भी मांगा। कई जनप्रतिनिधियों ने अपना प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने मंडल के सभी छह जनपदों के डीएम और एसएसपी से वर्चुअल माध्यम बात की और उनके द्वारा किए गए नवाचार का प्रस्तुतीकरण पांच मिनट में करने का समय भी दिया

### नवाचार मॉडल की सीएम ने की प्रशंसा

मेरठ डीएम द्वारा नवाचार के कई मॉडल प्रस्तुत किए गए जिन की प्रशंसा मुख्यमंत्री ने बैठक में की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंडन नदी की पुरातन पहचान बनाने के लिए हर स्तर पर कार्य करना होगा, इसके लिए उन्होंने कमिश्नर सुरेंद्र सिंह से कार्ययोजना प्रस्तुत करने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हिंडन को प्रदूषण मुक्त करना है, इसके लिए संबंधित जिलों को मिलकर प्रयास करना होगा। अधिकारी सुनिश्चित करें कि हिंडन में औद्योगिक कचरा किसी भी हाल में न गिराया जाए।

### एक जिला एक उत्पाद पर जोर


मुख्यमंत्री का पूरा जोर एक जिला एक उत्पाद के माध्यम से औद्योगिक निवेश बढ़ाने पर रहा। उन्होंने मंडल के सभी जिलों के जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेरठ अब कनेक्टिविटी का केंद्र बन चुका है, ऐसे में अधिकारी अपने स्तर से रुचि लें और औद्योगिक निवेश के लिए माहौल बनाएं। समय समीक्षा बैठक करीब 3 घंटे 45 मिनट तक चली। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी बात को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। समीक्षा बैठक में कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के एसएसपी को विशेष रूप से सतर्कता बरतने और माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया।

## सोनाली की ड्रिंक में कुछ मिलाया गया था, फिर जबरदस्ती पिला दिया; पुलिस का खुलासा



भाजपा नेता और सोशल मीडिया स्टार सोनाली फोगाट की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। गोवा पुलिस ने दावा किया है कि सोनाली फोगाट की ड्रिंक में कुछ मिलाया गया है। यही नहीं पुलिस का कहना है कि ऐसा करने वाले दो लोगों को जल्दी ही अरेस्ट कर लिया जाएगा। गोवा आईजी ओमवीर सिंह बिश्नोई ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि सोनाली फोगाट के साथ उनके सहयोगी सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह एक क्लब में उनके साथ पार्टी कर रहे थे। वीडियो से पता चलता है कि उन दो लोगों में से एक ने सोनाली फोगाट को जबरदस्ती ड्रिंक पिलाई थी। बिश्नोई ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूछताछ में सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह ने मान लिया है कि उन लोगों ने जानबूझकर फोगाट की ड्रिंक में एक केमिकल मिला दिया था। इसके बाद वह ड्रिंक उसे जबरदस्ती ही पिला दी गई। सोनाली फोगाट को 23 अगस्त को सेंट एंथनी अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन वहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुरुआत में कहा गया था कि हार्ट अटैक के चलते सोनाली फोगाट की मौत हुई है। लेकिन कुछ घंटों बाद ही कहानी पलट गई, जब परिजनों ने कहा कि वह एकदम फिट थीं और उन्हें हार्ट अटैक नहीं हो सकता। उनके परिजनों ने यह भी आरोप लगाया था कि उनके सहयोगियों ने ही हत्या की है।सोनाली के परिवार के लोगों के आरोप के बाद ही मर्डर का केस दर्ज कर नए ऐंगल से पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ने सोनाली के दोनों सहयोगियों को हिरासत में ले लिया है और उन्हें जल्द अरेस्ट किया जा सकता है। बता दें कि सोनाली फोगाट के पति की भी कुछ साल पहले ही संदिग्ध मौत हो गई थी। फिलहाल सोनाली फोगाट का हिसार में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। बता दें कि सोनाली फोगाट ने हरियाणा की आदमपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। उन्हें टिकटॉक के चलते लोकप्रियता मिली थी और उसके चलते ही राजनीति में उनकी एंट्री हुई थी।

## जम्मू-कश्मीर में पार्टी बनाएंगे गुलाम नबी आजाद, इस्तीफे के बाद किया ऐलान



गुलाम नबी आजाद के भविष्य को लेकर जारी अटकलों पर विराम लगता दिख रहा है। खबर है कि वह जल्दी जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी भी बना सकते हैं। फिलहाल, पार्टी के नाम और सदस्यों को लेकर जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है। आजाद ने गुरुवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। वह काफी लंबे समय से कांग्रेस से नाराज चल रहे थे।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पद्मभूषण आजाद ने जम्मू-कश्मीर में पार्टी बनाने की बात कही है। हाल ही में उन्होंने अपने समर्थकों से कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर आ रहे हैं। खास बात है कि वह इससे पहले भी राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली थी।

### भाजपा से मिला न्योता

आजाद को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से भी न्योता मिला है। हालांकि, उन्होंने अब तक इसपर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हरियाणा की आदमपुर सीट से कांग्रेस विधायक रह चुके कुलदीप बिश्नोई ने कहा, %यह कहना गलत नहीं होगा कि कांग्रेस अपने आप ही खत्म होने और आत्मघाती मोड में है। मैं सलाह देता हूं कि राहुल गांधी अपना ईगो दूर कर दें... गुलाम नबी आजाद का भाजपा में स्वागत है। अगर पार्टी मुझसे पूछेगी, तो मैं उन्हें पार्टी में शामिल होने के लिए मना सकता हूं।%

### राहुल गांधी पर उठाए सवाल

वरिष्ठ राजनेता ने अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र में राहुल गांधी की लीडरशिप पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, %दुर्भाग्य से राजनीति में राहुल गांधी की एंट्री के बाद और खासतौर से जनवरी 2013 के बाद जब आपकी तरफ से उन्होंने उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, तो पहले मौजूदा मंथन का पूरा तंत्र उन्होंने खत्म कर दिया।% उन्होंने सरकारी अध्यादेश फाड़ने के किस्से का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि राहुल गांधी की अपरिपक्वता का एक बड़ा उदाहरण मीडिया के सामने सरकारी अध्यादेश को फाड़ना था।

# उमाशंकर कटियार के परिनिर्वाण दिवस पर उनके सिद्धांतों पर चलने का आवाहन

प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




कानपुर/बिल्हौर- शुक्रवार को उमाशंकर कटियार की पुण्यतिथि के अवसर पर विधालय परिवार एवं क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें व उनकी धर्मपत्नी स्व0 शकुंतला कटियार, एवं उनके अनुज रामतीर्थ कटियार की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में याद करते हुए उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया, माँ शीतला देवी त्रिजुगीनारायण महिला महाविद्यालय बरंडा अरौल के संस्थापक उमाशंकर कटियार की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को उनके विचारों एवं नीतियों का आत्मसाथ करने वाले विधालय परिवार एवं क्षेत्रीय लोगों ने उनको याद करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला साथ ही उनकी बनाई नीतियों पर चलने और उनके विचारों पर अमल करने की शपथ ली, विधालय परिवार के सभी सदस्यों ने दवित हृदय से उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, एवं परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं में स्वेता कटियार, वैष्णवी, स्वाती गौतम, शालू, दिव्या, अनामिका, हिमांशू, पूजा,प्रतिमा, रश्मी, मानसी समेत कई छात्र छात्राओं को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में शिवकुमार बेरिया ( पूर्व विधायक ), सर्वेश कटियार, अशोक कटियार पूर्व ब्लॉक प्रमुख, शिवसिंह कटियार, एल0पी0तिवारी, रामबाबू, परमेश्वर दयाल, वैभव कटियार, राधेश्याम कटियार, बृजेश कटियार ( एडवोकेट पूर्व उपाध्यक्ष बिल्हौर बार एसोसिएशन ), आलोक तिवारी,कुलदीप यादव, कुलदीप कटियार, सत्येंद्र कुमार, गौरव कटियार,अभय कटियार, ध्रुव, एवं विधार्थियों में अमिता,साधना समेत कई छात्र छात्रायें और शिक्षक शिक्षकायें एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# 255 शीशी अवैध नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती मय हमराह व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त प्रमोद बहेलिया ठाकुर पुत्र मोचन निवासी बासगढ़ी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को 02 बोरी में कुल 255 शीशी अवैध नेपाली शराब ( 165 शीशी कर्माली शौफी प्रत्येक मे 300 एमएल,15 शीशी प्रत्येक मे 300 एमएल कर्णाली गोल्ड,30 शीशी प्रत्येक मे 300 एमएल कर्णाली लीची,30 शीशी प्रत्यके मे 300 एमएल कर्णाली ब्लू, 15 शीशी प्रत्यके मे 300 एमएल कर्णाली ब्लू सुपीरियर ) शराब के साथ तिकोनी तिराहे से बन्धारोड लक्ष्मनपुर कोठी आने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 391/2022 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया।

# जनपद में हुई कम वर्षा एवं सम्भावित सूखा की तैयारी के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र की अध्यक्षता में जनपद में हुई कम वर्षा एवं सम्भावित सूखा की तैयारी के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी कक्ष में बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा की गई तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सहायक अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-6 द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 48 नहरों के सापेक्ष नहरों/माइनरों के माध्यम से कृषकों के खेतों तक पानी पहुचाने की व्यवस्था है। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि माइनरों के माध्यम से अधिक से अधिक कृषकों तक सिंचाई की व्यवस्था सुलभ करायी जाये एवं टीम बनाकर नहरों की पेट्रोलिंग करायें। सहायक अभियन्ता नलकूप खण्ड नानपारा द्वारा अवगत कराया गया कि नानपारा सर्किल के अधीन जनपद में 214 नलकूप हैं, जिसमें 19 यांत्रिक दोष के कारण क्रियाशील नहीं है, शेष क्रियाशील हैं। उक्त 19 खराब नलकूपों को शीघ्र मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिए गए। उक्त 19 खराब नलकूपों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि उक्त नलकूपों के मोटर खराब हैं, नये मोटर के क्रय हेतु प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजा गया है। सहायक अभियन्ता नलकूप खण्ड नानपारा को प्रत्येक नलकूप का लोकेशन मैप तैयार करायें जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सहायक अभियन्ता नलकूप खण्ड नानपारा द्वारा अवगत कराया गया कि तहसील जमुनहा क्षेत्रान्तर्गत 39 नलकूप हैं जहां लो वोल्टेज की समस्या है जिसके कारण नलकूप ट्रिप हो जाते हैं। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड श्रावस्ती को निर्देशित किया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जहां भी लो वोल्टेज की समस्या हों, उसका निराकरण करायें। उन्होंने कहा कि राहत आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि सम्भावित सूखा एवं कम वर्षा के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रो में 24 घंटे की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाय, ताकि ग्रामीणों/कृषकों को नलकूप से सिंचाई हेतु कोई समस्या न उत्पन्न होने पाये।

पेयजल व्यवस्था हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा एवं नगर पंचायत इकौना को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में खराब पड़े हैण्डपम्पों को तत्काल रिबोर कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि आम जनता को पेयजल सुलभ हो सके। पशुओं के चारे की व्यवस्था हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि सम्भावित सूखा के दृष्टिगत पशुओं के चारे के अभाव की स्थिति से निपटने हेतु कार्ययोजना तैयार करें। साथ ही पशु चिकित्सालयों में पशुओं के उपचार के संसाधन एवं दवाओं की समुचित व्यवस्था करें एवं महामारी के नियंत्रण हेतु दवाओं का चिन्हांकन करके समुचित स्टाक की व्यवस्था सुनिश्चित करें।बी0पी0 सिंह, सहायक अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-6 सुरेश प्रताप, सहायक अभियन्ता सरयू नहर खण्ड नानापारा सुरेश पाल, सहायक अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-4, बहराइच महेश राम, सरयू नहर खण्ड-3, बहराइच रमेश चन्द प्रसाद, सहायक अभियन्ता, चित्तौढ गढ़ बांध, बलरामपुर रामकिशुन, सहायक अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-6 अशोक कुमार, सहायक अभियन्ता, नलकूल खण्ड बहराइच राम गोपाल, अवर अभियन्ता, नलकूप खण्ड बहराइच संतोष कुमार, चित्तौढ गढ़ बांध, बलरामपुर अजीत कुमार, आपदा विशेषज्ञ, जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण अरूण कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आपदा मित्रो को मोटर बोट परिचालन का दिया प्रशिक्षण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर एन0डी0आर0एफ0 द्वारा जिले के आपदा मित्रों को संभावित खतरों से निपटने व प्रभावितों की जान बचाने के उद्देश्य से चल रहा प्रथम बैच का मोटर बोट प्रशिक्षण आज सीताद्वार झील पर संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जिला भर के सभी तहसील के 28 आपदा मित्र सम्मिलित हुए। इन आपदा मित्रों को रबड़ बोट की असेम्बलिंग, परिचालन व उसके माध्यम से डूबते व्यक्ति को बचाने तथा उस दौरान घायल व्यक्ति को अस्पताल पूर्व प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा मित्रों को बाढ़ पूर्व मोटर बोट परिचालन में निपुण बनाने का है, ताकि बाढ़ आपदा के दौरान त्वरित कार्यवाई कर बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया जा सके। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर एनडीआरएफ व स्थानीय जिला प्रशासन के साथ मिलकर आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यों को सरलता के साथ सफलतापूर्वक संचालित कर सके। प्रशिक्षण का समन्वय आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र व संचालन एन0डी0आर0एफ0 द्वारा किया गया। उन्होने बताया की शासन के निर्देश पर एन0डी0आर0एफ0 के जवानों के प्रयागराज जाने के कारण प्रशिक्षण रोक दिया गया है। एन0डी0आर0एफ0 के पुनः जनपद में आने पर अन्य आपदा मित्रों को भी प्रशिक्षित किया जायेगा। इस अवसर पर निरीक्षक अमरजीत सिंह के साथ टीम के रेस्क्यूअर, डीप डाइवर आदि ने प्रशिक्षुओं को आपदाओं से निपटने के गुर बारीकी से बताए इस प्रशिक्षण में धर्मेंद्र कुमार, सुरेश कुमार वर्मा, मुकेश कुमार गोस्वामी, सुनील राजभर, रमेश कुमार गुप्ता, भोलानाथ वर्मा, मुरली मनोहर, अमित कुमार यादव, अतुल वीर, दीपू सिंह सहित जनपद के 28 आपदा मित्र सम्मिलित हुए।

# मुरादाबाद में तीन मंजिला बिल्डिंग में लगी भीषण आग, दो महिला और दो बच्चों समेत पांच की मौत

अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- यूपी के मुरादाबाद में तीन मंजिला बिल्डिंग में गुरुवार की देर शाम को भीषण आग लग गई। दर्दनाक हादसे में कबाड़ी की पत्नी, बहू, पोता और पोती समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि मकान में फंसे सात अन्य लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की कवायद के बाद आग पर काबू पाया। घर में कबाड़ी की दो नातिनों की शादी की तैयारियां चल रही थीं। शाम के समय मंडप का कार्यक्रम चल रहा था। दर्दनाक हादसे से शादी की तैयारियां मातम में बदल गईं।गलशहीद थाना क्षेत्र के असालतपुरा स्थित लंगड़े की पुलिया के पास इरशाद का चार मंजिला मकान है। ग्राउंड फ्लोर पर कबाड़ी का गोदाम बना रखा है। इरशाद की बेटी बबली की दो बेटियों की शादी शुक्रवार को होनी है। घर पर गुरुवार की शाम को मंडप का कार्यक्रम चल रहा था। बताते हैं कि मंडप कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रिश्तेदार भी जुटे थे। इसी बीच कबाड़े के गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। थोड़ी ही देर में पूरे घर में धुआं भरना शुरू हो गया। देखते ही देखते कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई। दम घुटने से बच्चे और बड़े बेहोश होने शुरू हो गए। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की एक के बाद पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। मकान में फंसे लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इरशाद की पत्नी कमर जहां (70), पुत्रवधू शमां पत्नी अयाज, पोती नफिया पुत्री अयाज, पोता इबाद पुत्र अयाज और नातिन उजमा पुत्री नवेद की मौत हो गई। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने मोर्चरी पहुंचकर मृतकों के परिवार वालों को ढांढस बंधाया।

## निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षकों को ट्रेनिंग दी



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जनपद मुरादाबाद के डिलारी के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चल रहे प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय बैच प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है ।

प्रशिक्षण निपुण भारत मिशन पर आधारित है । निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 1, 2 व 3 के बच्चों को भाषा, गणित विषय में आधारभूत निर्धारित लक्ष्यों के बारे में बताना है कि किस तरह से वह इन विषयों पर अपनी कमांड कर सकते हैं। इस दौरान शिक्षण कार्य को बेहतर बनाने के टिप्स दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह ने शिक्षकों को भाषा व गणित आदि समझाने का प्रशिक्षण दिया। वहीं शिक्षकों से शिक्षण कार्य मनोयोग से करने को प्रेरित किया गया कहा कि बच्चों के साथ सामाजिक व भावनात्मक लगाव के साथ निपुण भारत कार्यक्रम में बच्चों को पढ़ाई आदि के लिए सफल बनाने का संकल्प भी दिलाया गया।

## लंपी वायरस से ग्रसित गौवंश को अब लगेंगी गोट पॉक्स वैक्सीन

मुरादाबाद-मुरादाबाद में लंपी वायरस का प्रकोप धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। ग्यारह दिनों में तीन ब्लाक में 23 गौवंश संक्रमित हो चुके हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने संक्रमित मवेशियों के लिए दो लाख गोट पॉक्स वैक्सीन की डिमांड की है। बताया कि वैक्सीन तीन से चार दिन में पहुंच जाएगी। वैक्सीन पहुंचते ही संक्रमित गौवंश का उपचार शुरू हो जाएगा। यूपी में मुरादाबाद,बरेली,मेरठ संग तमाम जिलों में लंपी वायरस के केस मिलने लगे हैं,इसको लेकर सरकार ने पशुपालन विभाग को गौवंश की सुरक्षा को हर संभव उपाय करने को कहा है। लंपी वायरस एक तरह का मवेशियों में होने वाला पॉक्स ( चेचक ) रोग है,इसके लिए बकरियों को लगाई जाने वाली पॉक्स वैक्सीन गायों पर भी काफी कारगर हो रही है। सीवीओ ने बताया कि जिले के तीन ब्लाक छजलैट,मुरादाबाद और भगतपुरटांडा में लंपी वायरस के आज तक तेईस संक्रमित गौवंश मिले है,इसमें सोलह बीमार है और सात उपचार के बाद ठीक हो गए हैं। संक्रमण के बढ़ने की प्रबल संभावना के चलते पूरे जिले की सीमाओं को सील करा कर गौवंश के आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। वहीं तहसील में एसडीएम के माध्यम से गांवों में मच्छर मक्खी से बचाव को छिड़काव व एंटी लार्वा डलवाने के निर्देश संबंधित विभागों को देने के निर्देश डीएम ने दिए हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.अनिल कंछल ने कहा कि गौवंशियों के उपचार को दो लाख गोट पॉक्स वैक्सीन की डिमांड भेजी है,जिसके तीन चार दिन में पहुंचने की संभावना है। इसके मिलते ही संक्रमित स्थानों पर टीमों के माध्यम से वैक्सीन लगवाने का काम शुरू हो जाएगा,जब तक दूसरी दवाओं से गौवंशीय का उपचार कराया जा रहा है।

## ठाकुरद्वारा में बाल विवाह की सूचना पर दौड़ी टास्क फोर्स,विवाह रुकवाया

मुरादाबाद-मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा ब्लाक के लौंगीकला गांव में एक पिता अपनी नाबालिग लड़की की शादी करा रहा था। गांव में बाल विवाह की सूचना पर टास्क फोर्स मौके पर पहुंची और विवाह को रुकवाया। रेस्क्यू टीम ने परिजनों से लड़की की शादी बालिग होने के बाद कराने की बात कही लेकिन परिजन सहमत नहीं हुए,जिस पर टास्क फोर्स नाबालिग को रेस्क्यू करके मुरादाबाद ले आई। जहां शुक्रवार को नाबालिग को सीडब्ल्यूसी के सामने पेश किया जाएगा। जहां निर्णय होगा कि नाबालिग परिजनों के संग जाएगी या बालिका गृह भेजी जाएगी। परिजनों से बालिग होने पर विवाह कराने की बात कही लेकिन परिजन इसको लेकर राजी नहीं हुए,जिस पर मजबूरन टीम नाबालिग लड़की को मुरादाबाद रेस्क्यू करके ले आई और फिर चाइल्ड लाइन में रखवा दिया।

## काम कराने के बहाने ले जाकर युवक को पीटा

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जनपद मुरादाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बाजिदपुर निवासी रिहासत हुसैन पुत्र अब्दुल गफ्फूर ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बेटे भूरा को गांव के ही अय्यूब और हसन काम कराने के लिए अपने साथ लेकर गए थे। उसी दौरान बेटे के साथ गाली गलौज की । विरोध करने पर धार दार हथियार से पीटकर उसे घायल कर दिया।जिससे भूरा के सिर पर खुली चोट आई है। बही क्षेत्राधिकारी सागर जैन ने बताया की भूरा पुत्र रिहासत का मुरादाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में दो अभयुक्तो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। और थाना भोजपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## "गीत कुछ ऐसा गाना"

सुनो ,अब के जो गाओ
तो गीत कुछ ऐसा गाना
जिस से मन के सभी तार लगें,
गुनगुनाना।
गीत कुछ ऐसा कि जिसमें बहुत ही
प्यार हो
रूठना हो और मनुहार हो
गीत में बरसों पुराना कोई मीत हो,
कोई भूली सी , कोई मीठी सी प्रीत
हो।
मेह में जैसे नेह बांधे, याद आए
कुछ पुराना।
सुनो ,अब के जो गाओ
तो गीत कुछ ऐसा ही गाना।
गीत ऐसा कि ,
होठों पर मुस्कुराहट ले आए
जैसे बुदबुदाते हुए पानी में ,
कोई सोंधी सी चाय बनाए
जैसे देखती है नई दुल्हन
आँखो के कोर से पिया को अपने
मदभरे नयनों की मदिरा छलकाए।
देखो अब के जो गाओ,
तो
मदहोश जो कर दे
चुनना कुछ ऐसा तराना
अब के जो गाओ तो सुनो ना,
गीत कुछ ऐसा ही गाना।



WWW.KNSLLIVE.COM

■ इंद्रजीत कौर, गुरुग्राम

## सरकारी राशन की दुकानों पर 31 तक बंटेगा राशन

मुरादाबाद-सरकारी राशन की दुकानों पर राशन का वितरण शुरू हो गया। जिला आपूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार निर्धारित शुल्क लेकर पात्र गृहस्थी व अंत्योदय को गेहूं चावल मिल रहा है। चना, नमक और रिफाइंड निशुल्क है।

## दून में कल लगेगा अतिरिक्त स्लीपर कोच

मुरादाबाद-ट्रेनों में बढ़ी भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने राहत देने की तैयारी की है। रेल मुख्यालय ने हावड़ा से योग नगरी ऋषिकेश को चलने वाली दून एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाएगा। कोच रविवार को लगेगा। ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते ज्यादातर यात्रियों को कंफर्म बर्थ मुहैया कराने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Stir in jharkhand

Politics has intensified with the cloud of crisis hovering over the chair of Jharkhand Chief Minister Hemant Soren. In the maximum situation, it will happen that Hemant Soren will have to resign from the post for the time being. However, a lot will depend on Jharkhand Governor Ramesh Bais. Since this does not appear to be a very serious matter, nothing clearly emerged from the Governor's side from Thursday afternoon till evening. The matter of office of profit is being told behind the recommendation of the Election Commission. It is alleged that Hemant Soren, while being the Chief Minister and Mining Minister, approved the mine lease in his own name. Soren claims that the matter is old and he has not benefited from it. It is also stated that he has already given up this lease, hence the case does not arise now. Nevertheless, if the Election Commission finds an office of profit case against Soren on the complaint of the BJP, then his assembly membership is certain to be cancelled. The tradition is that Soren will have to resign and he can come back after winning the election. Meaning, this recommendation does not have any far-reaching effect. They already had an idea of ??what was happening now. So he is not in panic at all. At present, Jharkhand Mukti Morcha, Congress, RJD, NCP Mahagathbandhan have 51 MLAs in the 81-member assembly. Of these, Soren's party alone has 30 MLAs, while the BJP has 25. Does BJP feel that alliance with JMM is possible in future? If Soren's membership is being canceled on the complaint of the BJP, then at least for now the BJP should not think of an alliance with him. The National Democratic Alliance has weakened in Bihar this month and now its prospects have diminished in Jharkhand. Well, BJP has about 33 percent votes in Jharkhand, but only JMM and Congress can cross this figure easily. The votes that RJD, NCP, Left will get after that will be a bonus for the Grand Alliance."It seems, in the upcoming elections, the BJP will have to deal with the Mahagathbandhan almost single-handedly, not only in Jharkhand but also in Bihar. If Soren has done wrong, BJP has registered a kind of moral victory by pointing fingers at this mistake, but is this victory one that can be redeemed in the coming elections? Lok Sabha elections will be held by the middle of 2024, then by December there will be assembly elections in Jharkhand. In the 2019 Lok Sabha elections, the BJP got up to 51 percent of the votes in Jharkhand, but after five months the vote was reduced to 33 percent. It is a matter of concern for the BJP that the NDA has been shrinking. It should calculate whether in its history BJP has strengthened allies or allies have been its biggest strength? In politics, the practice of making opponents helpless in view of the electoral field is not new or wrong at all. However, the time has come for each party to test its real strength at the grassroots level and the real strength also includes work-based image, caste equations and the strength of allies.


## Monalisa did such a photoshoot on the bed as soon as she woke up, people caught their heart after seeing the actress in a very short night

Bhojpuri actress and 'Nazar' fame Monalisa has become the heartbeat of crores of hearts today. His every style steals the hearts of the fans in a moment. In her career so far, Monalisa has shown her acting skills in many superhit Bhojpuri films. Along with this, she has also worked in Bengali shows. Along with acting, Monalisa also dominates social media. She often makes fans crazy through her photoshoots. Meanwhile, once again he is all set to set the internet on fire. The latest pictures of Monalisa are in discussion on the internet. Monalisa stuns in bold style - Bhojpuri queen Monalisa has once again surprised the fans by doing a bold photoshoot. The actress has posted pictures of her hot photoshoot on Instagram. In these pictures you can see that Monalisa is wearing a very short and bold nighty. Wearing this hot nightie, she is seen spreading her style on the bed. The actress is wearing a blue color printed nighty. In this dress, she is seen posing in different styles. Looking at the pictures, it seems that she has got her pictures clicked as soon as she wakes up. Fans are very fond of these photos. Fans are praising- These pictures of Monalisa are also very much liked by the fans. At the same time, by commenting on it, users are seen praising him. These photos of him are becoming increasingly viral on social media like a forest fire. There are constant reactions of fans on these pictures. Also, by commenting on it, fans are seen praising him by commenting like Hot, Bold, Beautiful and Bam. Till now these pictures are being seen many times.



## Irritated by Vijay Deverakonda's statement, the theater owner got angry, said - more fat has come

A theater owner's video is quite viral after the release of Vijay Deverakonda's film Liger. The movie's starcast Ananya Pandey and Vijay had roamed around the country for promotion. The Hindi audience also started liking Vijay. Meanwhile, on the Boycott trend, he said something that angered an audience. The hashtags of his film and Vijay's Boycott also started appearing on social media. On Vijay's statement, Manoj Desai, executive manager of Gaiety Galax and Maratha Mandir Theatre, has slammed Vijay fiercely. He angrily called Vijay Deverakonda to Anaconda. Furious by giving the example of Taapsee - Manoj Desai in a conversation with Filmy Fever first got angry that the film was not released on the single screen on the first day. He said that he does not understand what is his enmity with the single screen. When he was asked how excited he was about the film, he got furious. He said, first of all I would like to say to Vijay, Mr. Vijay, you have got this fat. 'Dekhna ho to dekho varna na dekho' (Victory's statement), if you don't see what has become of Taapsee Pannu's condition. If you don't see what has happened to Aamir Khan, if you don't see what has happened to Rakshabandhan. If you also want to get the same condition done, then work in OTT.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# 28 अगस्त 2022 को होने वाली शांतिपूर्ण पद यात्रा की तैयारी की समीक्षा बैठक

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-एटा में आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर ब्रज प्रांत की अध्यक्ष डॉ हिर्देश चौधरी ने आगामी 28 अगस्त 2022 को होने वाली शांतिपूर्ण पद यात्रा की तैयारी की समीक्षा बैठक की इस समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि हमें महंगाई बेरोजगारी के लिए जनता के बीच जाना होगा हम सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में रविवार को पदयात्रा में शामिल हो यह जिम्मेदारी प्रत्येक प्रकोष्ठ तथा जिला कमेटी की है उन्होंने यह भी कहा किस सरकार में महंगाई अपने चरम पर है और सरकार तानाशाही दिखाते हुए विधायकों की खरीद-फरोख्त में व्यस्त है जनता की समस्याओं को हल नहीं कर रही है इसलिए हमें जनता के बीच जाकर उस बहरी सरकार को जगाना होगा। इस अवसर पर आर एस सैंगर जिला प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष महिपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष उमेश कांत प्रतिहार जिला महासचिव प्रवीण कुमार मरहरा विधानसभा अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार एटा सदर विधानसभा अध्यक्ष जावेद खान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रेमचंद जिला अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ हरिश्चंद्र जिलाध्यक्ष सोशल मीडिया प्रकोष्ठ मोनिका यादव जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सन्मत बाबू जैन जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ अनिल कुमार सिंह जिला अध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ रुकनेश यादव जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रत्नेश बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रामदेव भारद्वाज नरेंद्र देव भारद्वाज टिंकू यादव अंशु यादव सनी कुमार नेमा देवी मनोज देवी विमलेश कुमारी भुवनेश कुमारी उषा देवी पूजा सक्सेना थान सिंह नियामत अली पिंकू लो बघेल अमित कुमार दिवारी लाल विवेक सारस्वत उदयवीर सिंह प्रताप सिंह उमेश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता प्रधान जिला कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# एसएसपी एटा ने परखी पुलिस लाइन परिसर एवं पुलिस मेस ( भोजनालय ) की व्यवस्थाएं भोजन की गुणवत्ता



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा शुक्रवार की परेड के उपरांत एसएसपी एटा ने परखी पुलिस लाइन परिसर एवं पुलिस मेस ( भोजनालय ) की व्यवस्थाएं भोजन की गुणवत्ता में और अधिक सुधार के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश -वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये, परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित चिकित्सालय,परिवहन शाखा,क्वार्टर गार्ड, बैरिकों,बारबर शॉप आदि सहित पुलिस मेस ( भोजनालय ) का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये,

निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही भोजनालय में बने भोजन का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए उक्त मौके पर समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त शाखा प्रभारी तथा कर्मचारीगण, डायल 112 के कर्मचारीगण, क्यूआरटी तथा प्रतिसार निरीक्षक हरपाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे

# विद्युत कटौती से आक्रोशित किसानों ने विद्युत घर आवागढ़ में ताले डाले

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-भ्रष्टाचार एवं विद्युत कटौती से आक्रोशित किसानों ने विद्युत घर आवागढ़ में ताले डाले शासन प्रशासन में मचा हड़कंप भ्रष्ट जेई सहित दो लाइनमैन को तत्काल हटाने एवं अतिशीघ्र जर्जर तारों के बदलवाने के आश्वासन पर 03 घंटे बाद माने किसान



एटा,अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले क्षेत्रीय किसान, मजदूर, नौजवानों ने विद्युत घर अवागढ़ का विद्युत कटौती एवं भ्रष्टाचार के विरोध में घेराव किया गया उक्त घेराव में पंचायत द्वारा दिए गए नियत समय में कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्टाचार सहित विभाग में चल रही भारी अनियमितताओं की पोल खुलने की बजह से मुंह छुपा रहे थे उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आक्रोशित किसानों ने तय किया कि विद्युत घर अवागढ़ में ताले डाल दिए जाएं मंच से घोषणा होते ही संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों को फीडर की फीडर से बाहर निकालते हुए ताले डाल दिए जिससे शासन प्रशासन में हड़कंप मच गया ताले पड़ते ही उप जिलाधिकारी जलेसर श्री राम नारायण जी, उपखंड अधिकारी विद्युत ज्ञानेश कुमार जी, कोतवाल आवागढ़ फूल सिंह जी बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए क्षेत्रीय किसानों द्वारा अवगत कराया कि फीडर के जेई एवं लाइनमैन भ्रष्टाचार के विना कोई काम नहीं करते हैं जब तक किसान आपस में चंदा करके भ्रष्टाचार के रूप में रकम नहीं देते हैं तब तक कोई भी कार्य नहीं होता है यहां तक कि विधुत सप्लाई को टूफेस कर दिया जाता है और रिश्वत मिलने के बाद फुल वोल्टेज में सप्लाई दी जाती है इसलिए संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता भ्रष्ट अधिकारियों के तत्काल तबादला सहित उडेसर, इसौली, गदनपुर फीडर की जर्जर पड़ी पुरानी लाइनों को बदलवाने, कम लोड वाली खराब मशीनों को बदलवाने एवं ट्रांसफार्मर 5 एमबीए का फीडर पर लगवाने के लिए अड़ गए उपखंड अधिकारी ज्ञानेश कुमार जी ने अधिशासी अभियंता विद्युत सतपाल सिंह जी से फोन पर वार्ता करने के उपरांत जर्जर लाइनों का अति शीघ्र एस्टीमेट ( प्राक्कलन ) बनवाकर क्षेत्र के किसानों के गंभीर समस्या का 01 सप्ताह के अंदर जनपद से एस्टीमेट पास कराकर एमडी कार्यालय भिजवाने का आश्वासन दिया तथा विद्युत फीडर अवागढ़, गदनपुर पर तैनात जेई रजनीकांत को तत्काल हटाने एवं लाइनमैन रघुनाथ, यशपाल दोनों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का आश्वासन भरी पंचायत में दिया तथा किसानों मजदूरों के घरेलू एवं निजी नलकूप के भेजे जा रहे बिलों में की जा रही हैं अनियमितताओं को तत्काल संशोधित कराने का आश्वासन दिया बिंदुओं के समाधान ना होने पर किसान, मजदूर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप स राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, राष्ट्रीय महासचिव तेज सिंह वर्मा, युवा राष्ट्रीय महासचिव दिनेश चंद्र जी, प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन यादव जी, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह जी, प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप भाई, प्रदेश प्रभारी छात्र मोर्चा लव भाई, जिलाध्यक्ष विजय कुमार उर्फ पिंकी भैया, जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर सुनील यादव - ,मनदीप यादव, चरण सिंह वर्मा, शिव कुमार वर्मा, गीतम सिंह वर्मा, भीष्मपाल वर्मा, कालीचरण वर्मा प्रधान, नाथूराम, मोहम्मद नबी, रतन सिंह, सहित आदि लोग उपस्थित रहे


# जलेसर सीओ को दी विदाई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शुक्रवार को जलेसर तहसील परिसर में सीओ कार्यालय पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारी जनता एवं जनप्रतिनिधियों ने जलेसर सीओ इरफान नासिर खान को विदाई दी साथ ही फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विदाई समारोह के दौरान सभी लोग उपस्थित थे।

# रंगारंग बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग का तड़का



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-रंगारंग बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग का तड़का, हर्ष फायरिंग के समय सहमी नजर आई स्टेज पर नाच रही 2 डांसर । दत्त पुर कुंजपुर के प्रधान अनिल यादव के बेटे की बर्थडे पार्टी में सैकड़ों लोगो की बीच जमकर हुई हर्ष फायरिंग, हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल। बर्थडे पार्टी में कुछ लोग हाथों में असला लिये हर्ष फायरिंग करते हुए आ रहे हैं नजर, वायरल वीडियो 2 दिन पूर्व का बताया जा रहा है । किसी भी शादी, प्रोग्राम, अन्य किसी भी जगह पर हर्ष फायरिंग करने पर पूरी तरह से है रोक। एटा - सकीट थाना क्षेत्र के दत्तपुर कुंजपूर गांव का मामला।

# आईजी सरगुजा श्री अजय कुमार यादव ने जिला सूरजपुर का किया वार्षिक निरीक्षण

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सरगुजा रेंज के आईजी श्री अजय कुमार यादव ने शुक्रवार, 26 अगस्त को सूरजपुर जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। आईजी ने पुलिस लाइन में परेड देखी तथा पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन कर जवानों की समस्याएं भी सुनी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित थानों के कार्यों पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कार्यों को संतोषजनक बताया। आईजी श्री अजय कुमार



यादव ने सर्वप्रथम पुलिस लाईन में आयोजित परेड़ का निरीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत उन्होंने किट-परेड, शस्त्र कवायद, बलवा ड्रिल का जायजा लिया एवं वाहनों का रख-रखाव को देखा। अच्छा परेड कमांड करने, वेशभूषा, किट एवं वाहनों के रख-रखाव बेहतर पाए जाने पर अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। पुलिस लाईन के शस्त्रागार इसके पश्चात् पुलिस की परम्परानुसार आयोजित की जाने वाली पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन किया जहां पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अपने पदस्थापना के दौरान चलाये गये अभियान व कार्यवाहियों के बारे में जानकारी दी।इस दौरान उन्होंने जवानों की समस्याएं सुनी और निराकरण किया। चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# रियांश सोनी यूथ कांग्रेस पेण्ड्रा और शशांक शर्मा NSUI प्रतिनिधि के संयुक्त तत्वाधान में

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी के खिलाफ अभद्र भाषा एवं उनकी तस्वीर व बैनर पोस्टर के साथ और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी के बंगले के बाहर दुर्भावनावश आपत्तिजनक कृत्य व मुख्यमंत्री निवास एवं अन्य मंत्री गण के निवास स्थान में जबरदस्ती घुसने का प्रयास करने और पुलिस के जवानों के साथ BJYM और BJP के कार्यकर्ताओं के द्वारा हाथापाई किया गया जिसमें विरोध में दुर्गा चौक बस स्टैंड पेण्ड्रा में यूथ कांग्रेस और NSUI



के संयुक्त तत्वाधान में BJP और BJYM ऐसे कृत का पुरजोर विरोध किया गयाआज के कार्यक्रम में मुख्यरूप से रियांश सोनी शशांक शर्मा दानिश खान अजय शुभम गुप्ता निखिल चतुर्वेदी सैफ कुरैसी मनीष राहुल देवांश एवं अंशु राठौर अंकुश राठौर विकास राठौर राजा राठौर विशाल शर्मा यीशु राठौर दुर्गेश राठौर पिनकेश्वर सिंह इत्यादि उपस्थित थे

# ठेकेदार की लापरवाही से सड़क किनारे गड्ढे खोदकर छोड़ दिया , जिससे हादसों के लिए न्योता दे रहा



रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - विकास खण्ड ओडगी के बिहारपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में महीनो पूर्व बीएसएनएल की ओर से हर ग्राम पंचायत को डिजिटल इंडिया से जोड़ने को लेकर पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढे खोदकर छोड़ दिया है। इससे आवामगन में ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कुछ जगहों पर थोड़ा कार्य कराया भी गया तो समुचित ढंग से गड्ढे को पाटा नहीं गया है। ऐसे में पहले से ही खस्ताहाल सड़कों की सूरत और ज्यादा बिगड़ गई है। डिजिटल इंडिया योजना के तहत हर पंचायत को डिजिटल इंडिया से जुड़ने के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है ठेकेदार की लापरवाही से सड़क किनारे गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे हादसों के लिए न्योता दे रहा है इसी क्रम में बिहारपुर,अवंतिकापुर, कोल्हुआ, महुली कछवारी, रामगढ़, उमझर,व रसौकी गांव में सड़क के किनारे तीन से चार फीट गड्ढे को खोद कर छोड़ दिया गया है। वहीं लगभग महीनो से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया। जिसके कारण गांव के स्कूली बच्चों, बुजुर्गो को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मार्ग से दर्जनों गांवों के ग्रामीण रोजाना आना-जाना करते हैं । ग्रामीणों का कहना है कि डिजिटल इंडिया के लिए पाइप लाइन बिछाना आवश्यक है लेकिन खोदी गई सड़क की सही ढंग से मरम्मत साथ होती तो आवागमन में परेशानी नहीं होती।

# किसानों के साथ विषय पर टेरी द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- प्रभागीय वनाधिकारी श्री समीर कुमार ने बताया कि विगत दिन जनपद के ग्राम मुड़िया अहमदनगर, विकासखंड बिथरी चैनपुर के अंतर्गत कृषि वानिकी से कार्बन फाइनेंस के माध्यम से कृषकों को वित्तीय लाभ लेने हेतु जनपद बरेली के किसानों के साथ Stakeholder Consultation and capacity Building Program on ÒStrengthening Rural Livelihood through Carbon finance to Agroforestry Practices



in Uttar Pradesh विषय पर टेरी (TERI-The energy and Resources Intitute) द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित टेरी के पदाधिकारियों द्वारा कृषि वानिकी से कार्बन फाइनेंस के माध्यम से कृषकों को होने वाले वित्तीय लाभ हेतु क्षमता विकास के लाभों व इससे सम्बंधित शंकाओं का समाधान किया गया।

# हाजी मुख्तयार अहमद एडवोकेट के निधन पर समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव ने अपने निवास पर बुलाई शोक सभा

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता हाजी मुख्तयार अंसारी एडवोकेट का लम्बी बीमारी के चलते कल दिल्ली में निधन हो गया जिसकी खबर जंगल की आग की तरह उनके गांव क्यूलडिया के साथ साथ जिले भर में फैल गई। समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव नज़ाकत खां ने अपने निवास स्थान लभेड़ा में अपने पुराने समाजवादी साथी हाजी मुख्तयार अंसारी एडवोकेट के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया जिसमें मुख्तयार अंसारी के लिए सभी ने दुआ ए मगफिरत की और खिराजे अकीदत पेश की नज़ाकत खां ने अपने पूर्व साथी के साथ बिताए हुए समय को ग्राम वासियों के साथ साझा किया आज मैं



हाजी मुख्तयार के इस दुनिया से रुखसत हो जाने से गमगीन हूं। मैं अपने दुख को बयां नहीं कर सकता मैं बस अल्लाह से यही दुआ करता हूं की अल्लाह हाजी मुख्तयार अंसारी साहब को जन्नत में आला से आला मकाम अता फरमा और शोक सभा में सामिल हुए मिश्रयार खां ,कबीर खां ,सलाहुद्दीन मुखिया,मोहम्मद इश्तेयाक, मो साहिद, बाहिद खां ,एडवोकेट मजहर खान ,सोहिल खान ,हनीफ खान, नासिर खान,फरहान खान,नत्थू खान, फईम सैफी

# कर्मचारी अधिकारियों का आंदोलन पांचवें दिन भी जारी,अभी करो अर्जेंट करो भत्ता 34 % करो



रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - जिले के कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर अपनी मूल मांग केंद्र के समान 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथि से बकाया ऐरियर्स सहित भुगतान करने एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने की मांगों को लेकर पांचवें दिन भी अनिश्चितकालीन कलम बंद काम बंद कर हड़ताल पर डटे हैं। जिला संयोजक अनिल मिश्रा ने बताया कि हमने पहले चरणबद्ध आंदोलन कर सरकार तक अपनी बातें पहुँचाई हैं। 25 अगस्त को पूरे प्रदेश में कर्मचारियों ने न्याय महारैली रैली भी निकालकर सरकार से न्याय की गोहार लगाई लेकिन सरकार के कानों में अभी तक जूं भी नहीं रेंगी।जिससे दिन ब दिन कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है।

आज प्रांतीय निकाय के निर्णयानुसार पूरे प्रदेश में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया।उसी तारतम्य में भटगांव विधायक माननीय पारसनाथ राजवाड़े जी को भी ज्ञापन देकर अपनी मांगों से अवगत कराया।माननीय विधायक जी ने मुख्यमंत्री जी से चर्चा करने की बात कही है।जिले के समस्त विकासखण्डों में ब्लॉक संयोजकों के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन आंदोलन अनवरत जारी है । आज के आंदोलन में फेडरेशन से सम्बद्ध समस्त संगठनों के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी सहित हजारों साथी शामिल रहे।

# शाला की समस्त छात्राओं को महिला अपराध, साइबर क्राइम एवं यातायात नियमों संबंधी किया गया जागरूक

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जीपीएम पुलिस द्वारा जिले के स्कूल कालेजों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में *पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला* के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगांवकर के मार्गदर्शन पर इस बार जीपीएम पुलिस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा पहुंची। जहां शाला की समस्त छात्राओं वी अध्यापकों को महिला अपराध, साइबर क्राइम एवं यातायात नियमों संबंधी जागरूक किया गया। आरक्षक श्री दुष्यंत मसराम साइबर सेल गौरेला के द्वारा सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम व्हाट्सएप के माध्यम से हो रहे फ्रॉड के बारे में जानकारी दी गई एवं फ्रॉड कर्ता के द्वारा कैसे रोज-रोज नए-नए हथकंडे अपनाकर



साइबरक्राइम कर रहे हैं एवं छात्राओं को बताया गया कि सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती ना करें, मोबाइल में अनजान लिंक आने पर क्लिक ना करें ओटीपी किसी से शेयर ना करें ऐसा करने पर आप साइबर ठगी के शिकार हो सकते हैं। एन.के. अग्रहरि, श्री पी.के.पालके, सुश्री एस मोहंती, श्रीमती एस. कैवर्त, श्रीमती आर त्रिपाठी, श्री बी.आर.लहरें ,श्रीमती एस. पाली, श्री विवेक त्रिपाठी एवं अन्य स्टाफ तथा महिला सेल गौरेला महिला प्रधान आरक्षक सत्या सिंह, महिला आरक्षक रेशु गौतम, शकुनवती मार्को, आरक्षक मोतीराम पैकरा एवं सतीश कोर्राम यातायात गौरेला से उपस्थित रहे।